हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 29 अगस्त 2018, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 23, अंक 201, 36 पेज, मूल्य ₹ 3.00 या ₹ 4.00 नई दिशाएं सहित (ऐच्छिक),

अमेरिका यात्रा रद्द
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के चलते अमेरिका, इजराइल और कनाडा की यात्रा रद्द कर दी है।

सरकारी कॉलेज दरकिनार, निजी कॉलेजों के शिक्षक सम्मानित होंगे

एकेटीयू

- पांच शिक्षकों का सम्मान करेगा विश्वविद्यालय
- एक भी सरकारी कॉलेज का शिक्षक शामिल नहीं



लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय पांच सितम्बर को पांच शिक्षकों को सम्मानित करेगा। इनमें राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. आरपी महेश्वरी, एसएमएस इंस्टीट्यूट के डॉ. भरत राज सिंह, जीएलए विवि मथुरा समेत कई निजी विवि के कुलपति रहे प्रो. जय प्रकाश, एमएनएनआईटी इलाहाबाद से सेवानिवृत्त प्रो. एलएन पालीवाल और पंत नगर विवि से सेवानिवृत्त प्रो. ओपी सिंहल शामिल हैं।

अवहेलना

इस पूरे मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय से सम्मान पाने वाले शिक्षकों की इस सूची में निजी संस्थानों के शिक्षकों ने तो जगह बनाई है। जबकि एकेटीयू के एक भी सरकारी कॉलेज के शिक्षक को यहां जगह नहीं मिल पाई है। यह हाल तब है जबकि विश्वविद्यालय के सरकारी कॉलेजों में दाखिले के लिए लाइन लगती है। राज्य प्रवेश परीक्षा के टॉप रैंक होल्डर्स सरकारी संस्थानों में भाग लेते हैं। इसके बावजूद सरकारी कॉलेजों की अवहेलना की गई है।

अम्बेडकर विवि महाराष्ट्र के साथ संयुक्त एमटेक

लखनऊ। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के साथ मिलकर एमटेक कराने का फैसला लिया है। इसके लिए थीसिस का चयन एक स्क्रीनिंग कमेटी करेगी। इच्छुक फैकल्टी/गाइड आगामी पांच सितम्बर तक आवेदन भेज सकते हैं।